National Journal of
Hindi & Sanskrit Research

ISSN: 2454-9177
NJHSR 2019; 1(22): 41-44
© 2019 NJHSR
www.sanskritarticle.com

डॉ.रमेश कुमार
योग विभाग,
श्री लाल बहादुर शास्त्रीराष्ट्रिय संस्कृत-
विद्यापीठ, नई दिल्ली

Correspondence:
डॉ.रमेश कुमार
योग विभाग,
श्री लाल बहादुर शास्त्रीराष्ट्रिय संस्कृत-
विद्यापीठ, नई दिल्ली

# भारतीय दर्शन में योग का स्वरूप

डॉ.रमेश कुमार

## योग का शास्त्रीय स्वरूप

'योग' भारतीय संस्कृति एवं चिन्तन धारा की अमूल्य निधि है, जो सृष्टि के आदि काल से लेकर आज तक अविच्छिन्न रूप से गुरू-शिष्य परम्परा के रूप में चली आ रही है। विश्व के प्रायः सभी धर्म-दर्शनों में योग किसी न किसी रूप में स्वीकृत है क्योंकि योग का सम्बन्ध मनुष्य की अन्तरात्मा से है। 'योग' वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपनी आत्मा का विकास कर अपने जीवन में द्विव्यता अर्थात् पूर्णता को प्राप्त कर लेता है। योग अमृत हैं जिसके द्वारा मनुष्य अमरत्व को प्राप्त कर पाता है। योग वह विद्या है जिससे जीव का रूपान्तरण ब्रह्म के रूप में होता है क्योंकि योग ब्रह्म विद्या है।

भारतीय योग परम्परा में प्रमुख रूप से तीन धाराएं-वैदिक, बौद्ध और जैन स्वीकृत हैं। वैदिक धारा में वेद, उपनिषद, गीता, पुराण आदि ग्रन्थों में विभिन्न प्रकारों की चर्चा की गई है। जैन धारा में योग के विषय की चर्चा ध्यानशतक, मोक्षपाहुड, समाधितन्त्र, तत्वार्थसूत्र, इष्टोपदेश, योगबिन्दु, योगसार, योगशतक, ज्ञानसार आदि साहित्य में की गई है। बौद्ध परम्परा में तत्त्वज्ञान तथा निर्वाण की प्राप्ति के साधन के रूप में योग की अनिवार्यता स्वीकार की गई है। विशुद्धिमग्ग और मिलिन्दप्रश्न नामक बौद्ध साहित्य में योग की पर्याप्त चर्चा की गई है।

## योग का स्वरूप

वैदिक योग परम्परा में महर्षि पतंजलि का योगदर्शन एवं उसकी क्रिया-विधि अनुपम और अपूर्व है। कृषि द्वारा वैदिक संहिताओं और ब्राह्मण-ग्रन्थों तथा उपनिषदों में वर्णित योग सिद्धान्तों एवं यौगिक-प्रक्रियाओं को संकलित एवं परिमार्जित कर नया स्वरूप प्रदान किया है। योगदर्शन की रचना विक्रमपूर्व द्वितीय शताब्दी मानी गयी है, सर्वप्रथम व्यास जी ने योग-सूत्रों पर 'व्यास-भाष्य' लिखा। व्यास-भाष्य को सरल रूप में प्रस्तुत करने के लिए मिथिला निवासी पंडित वाचस्पतिमिश्र ने तत्ववैशारदी नामक टीका लिखी तदनना विज्ञानभिक्षु ने 'योगवार्तिक' नामक टीका को जन्म दिया योग तत्त्वों का निरूपण विज्ञान भिक्षु ने योगसार नामक ग्रन्थ में भली भांति प्रस्तुत किया है जो कि बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय रहा है।

योगदर्शन में योग शब्द की व्युत्पत्ति 'युज समाधौ' से स्वीकृत है। भाष्यकार व्यास के अनुसार योग और समाधि पर्यायवाची हैं।[1] सूत्रकार पतञ्जलि ने भी सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात दोनों प्रकार के योग के लिए 'समाधि' पद का प्रयोग किया है।[2]
अन्य व्याख्याकारों ने भी योगदर्शन में उल्लिखित 'योग' को समाध्यर्थक मानते हुए उक्त मत की पुष्टि की है।[3] तत्त्ववैशारदीकार वाचस्पति मिश्र[4] एवं हरिहरानन्द आरण्य[5] ने तो स्पष्ट शब्दो में 'योग' के संयोग अर्थ का विरोध किया है।

महर्षि पतंजलि को 'योग' शब्द से 'समाधि' अर्थ अभिप्रेत है। समाधि रूप योग की स्थिति चित्तवृत्तियों को पूर्णतः निरूद्ध होने के अनन्तर ही सम्भव होती है, इसलिए अन्य शब्दों में 'चित्तवृत्ति निरोध' को योग कहा गया है।[6]
महर्षि पतजंलि का मूल ग्रन्थ योगदर्शन जो कि सूत्र रूप में लिखा हुआ है को चार भागों में विभाजित किया गया है, समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद और कैवल्यपाद। चारों पादों में कुल सूत्रों की संख्या-195 है।

## समाधिपाद

महर्षि पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध अर्थात् रोकना योग है। अर्थात् निर्मल सत्वप्रधान चित्त की बहिर्मुख वृत्तियों को सांसारिक विषयों से हटाकर अन्तर्मुख करके अपने चित्त में लीन कर देना ही योग है। योगदर्शन का आधार सांख्यदर्शन है। सांख्य के अनुसार सम्पूर्ण सृष्टि सत,



Scanned with OKEN Scanner

IIJ Impact Factor : 3.119 ISSN - 2395-5104

# शब्दार्णव
# Shabdarnav

*An International Peer Reviewed Refereed Journal of Multidisciplinary Research*

Year-6 Vol. 12, Part-II July-December, 2020

*Scientific Research*
*Educational Research*
*Technological Research*
*Literary Research*
*Behavioral Research*

*Editor in Chief*
*DR. RAMKESHWAR TIWARI*

*Executive Editors*
**Dr. Kumar Mritunjay Rakesh**
**Mr. Raghwendra Pandey**

*Published by*
**Samnvay Foundation**
**Mujaffarpur, Bihar**

Scanned with OKEN Scanner

- ज्ञान–विज्ञान का शिक्षण एवं कौशलों का प्रशिक्षण – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 — 141–142
  *धर्मबीर* — 143–147
- आधुनिकसंस्कृतकाव्येषु युगबोधः
  *दीपकप्रधानः* — 148–152
- शिक्षायाः उद्देश्यानि
  *दिव्येन्दुकुमारमण्डलः* — 153–156
- बुनियादी शिक्षा (नई तालीम)
  *डो0 अजय के0 उपाध्याय* — 157–161
- मानव जीवन का अंतःस्थ मूल्य
  *डॉ0 बन्दना* — 162–165
- रक्षाबंधन में राष्ट्रीय भावना
  *डॉ0 कुसुम नेहरा*
- भारतीय शिक्षा नीति में महिला शिक्षा प्रावधान और प्रगति का विवेचनात्मक अध्ययन — 166–171
  *डॉ0 मैथिली रमण प्रसाद सिंह* — 172–175
- संस्कृतशास्त्रेषु उल्लिखितानां वनस्पतीनां विविधपक्षाः
  *डॉ0 पंकजाघईकौशिकः* — 176–180
- भृगु–ज्योतिष पद्धति के आलोक में लग्नस्थ ग्रहफल–दर्शन
  *डॉ0 प्रियंका जैन* — 181–184
- ऋग्वैदिक राजनीतिक व्यवस्था
  *Dr. Raj Kishor Arya* — 185–187
- कुंडलिनी योग
  *डॉ0 रमेश कुमार* — 188–192
- साम–संगीत में नाद–सौन्दर्य
  *डॉ0 ऋषिराज पाठक* — 193–196
- छत्रपतिसाम्राज्यनाटकस्य रसानुभूतिसौन्दर्यम्
  *डॉ0 श्रीचेता मैत्र व प्रोफेसरः जगत राम भट्टाचार्यः* — 197–203
- वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और हिन्दी कविता
  *डॉ0 श्रीनिवास सिंह यादव* — 204–207
- विद्याधीशविजयकाव्यस्य महाकाव्यत्वोपपादनम्
  *Dr. Veda. V. Purohit* — 208–211
- न्यायनये प्रमाणमूतशब्दलक्षणघटकपदार्थविचारः
  *डॉ0 ए0 वेङ्कट राधे श्याम* — 212–213
- संस्कृतिः संस्कृताश्रया
  *डो0 योगेशकुमार जे0 माछी* — 214–216
- भारतीय शिक्षा प्रणाली और स्वामी श्रद्धानन्द
  *डॉ0 योगेश कुमार* — 217–219
- अद्वैतवेदान्ते प्रत्यक्षप्रमाणनिरूपणम्
  *गङ्गाराणीसाहुः*


Scanned with OKEN Scanner

# कुंडलिनी योग

डॉ. रमेश कुमार *

मनुष्य के अन्तर्निहित महान शक्ति मूलाधार चक्र में साँप की तरह कुंडली मारकर सुप्त अवस्था में बैठी हुई है। इसलिये इस शक्ति का प्रसिद्ध नाम कुंडलिनी शक्ति है। कुंडलिनी योग का कार्य इस शक्ति को पूर्णरूप से जाग्रत कराना है। यह शक्ति जागकर सुषुम्ना नाड़ी से होकर विभिन्न चक्रों अर्थात् मूलाधार से सहस्रार तक पहुंचती है जो कि इसका अन्तिम लक्ष्य है। जब यह शक्ति विभिन्न चक्रों से गुजरती है तो मनुष्य को विभिन्न प्रकार के दिव्य अनुभूति होती हैं जो सांसारिक क्रिया - कलापों में प्राप्त अनुभवों से भिन्न हैं। जब कुण्डलिनी शक्ति सहस्रार में पहुंचती है तो मनुष्य को अखण्ड आनन्द की प्राप्ति होती है , जिसे ब्रह्मज्ञान या मोक्ष प्राप्ति भी कहा गया है।

**कुंडलिनी शक्ति जाग्रत कैसे करें –** जो संसार सागर से पार होने की अभिलाषा रखता हो वह मनुष्य एकान्त स्थान में गुप्तभाव से इस योग की इन विधियों का अभ्यास करे। कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत करने के अनेकों उपाय है जिसमें कर्मयोग, भक्तियोग, अथवा ज्ञानयोग प्रमुख है। तन्त्रयोग में उपासनाओं द्वारा कुण्डलिनी शक्ति जागरण का विस्तार से वर्णन हुआ है। हठयोग में कुण्डलिनी शक्ति जागरण के विशिष्ट उपाय बतलाए गए हैं जिसमे मुख्य रूप से आसन, बन्ध एवं मुद्राओं की चर्चा की गयी है जिससे हमारी कुण्डलिनी जाग्रत होती है।

**घेरंड सहिता और हठयोग प्रदीपिका में वर्णित मुद्राओं द्वारा कुण्डलिनी जागरण का उपाय**

**महाबन्ध विधि:-**

**पार्ष्णि वामस्य ....................................................बन्धः शस्तो भवेदिति॥[1]**

**वामपादस्य गुल्फेन ....................................बन्धस्य साधयेत्सर्ववाञ्छितम्॥[2]**

**विधि:-** सर्वप्रथम किसी ध्यानात्मक आसन में स्थित हो जाएँ, कमर व गर्दन को सीधा रखते हुए दोनों हाथों को घुटनों पर स्थिर करें। और आँखे बन्द कर लें, शरीर को शान्त कर लें। श्वास भरकर महाबन्ध किया जाता है लेकिन कुछ जगह पर बाह्यकुम्भक अर्थात् श्वास को बाहर निकालकर अभ्यास करते हैं। अब सीधे बैठकर नासिका से श्वास को अन्दर लें और फिर धीरे धीरे श्वास को बाहर निकाल दें, जब छाती पूर्ण रूप से खाली हो जाए तब श्वास को बाहर ही रोक कर रखें अर्थात् जालन्धर बन्ध का प्रयोग करें। इसी के साथ उड्डीयानबन्ध व मूलबन्ध का अभ्यास करें। सबसे प्रथम चेतना को मूलाधार पर ले जाएँ कुछ समय ध्यान को यहीं लगाकर रखें फिर नाभि प्रादेश पर व मणिपूर चक्र पर केन्द्रत करें। इसी प्रकार चेतना को बार बार इन चक्रों पर ले जाकर इनका ध्यान व नाम स्मरण करें। जब श्वस न रोक पाएँ तो प्रथम मूलबन्ध को छोडें फिर उड्डीयान बन्ध को और फिर जालन्धर बन्ध को छोडते हैं। कुछ समय तक श्वास को सामान्य करें यह महाबन्ध का एक चक्र होता है।

यह अभ्यास मूलाधार, मणिपूर, विशुद्धि चक्रों को जागृत करता है। यह मन को अन्तर्मुखी बनाकर ध्यान के लिए मन को तैयार करता है। इस अभ्यास की सिद्धि होने पर सभी चक्रों में प्राण का जागरण होता है। लगातार प्रतिदिन इस का अभ्यास करने से अपान और प्राण की एकता होती है। बूढा व्यक्ति भी जवान होता है, शरीर की अग्नि प्रज्वलित होती है। अग्नि अपान प्राण को ऊष्ण बनाती है जिससे प्रभावित होकर सोई हुई कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो जाती है। इसलिए इसका अभ्यास नित्यप्रति आवश्यक है।

**महावेध विधि –**

**महावेध स्थितो ..............................................समुत्पन्ना ततो वायुं विरेचयेत्॥[3]**

**रूपयौवनलावण्यं ........................................................................सिद्धिदायकः॥[4]**

सर्वप्रथम साधक को दृढतापूर्वक महामुद्रा व महाबंध के अभ्यास से मन को शान्त कर एकाग्र करना चाहिए। तत्पश्चात् जालन्धर बन्ध द्वारा श्वास को पूरक कर कुम्भक करना चाहिए। दोनों हथेलियों को भूमि पर टिका दें (पद्मासन/ तुलासन) की तरह, तथा दोनों हाथों पर शरीर का संतुलन बनाते हुए भूमि से {स्फिचौ} नितम्बों को ऊपर उठाकर धीरे धीरे भूमि पर ताडन करें। ऐसा करने से वायु दोनों स्वरों, नाडियों (इडा-पिंगला) को छोडकर सुषुम्णा से बहने लगते हैं। वायु के सुपुम्णा में बहने से अमरत्व की प्राप्ति होती है।

*असिस्टेंट प्रोफेसर, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली



Scanned with OKEN Scanner

IIJ Impact Factor : 3.178 ISSN-2349-364X

# वेदाञ्जली

अन्तर्राष्ट्रीय विद्वत्समीक्षित षाण्मासिकी शोधपत्रिका

*(International Peer Reviewed Refereed Journal of Multidisciplinary Research)*

वर्ष-७ अंक-१४ भाग-२

जुलाई-दिसम्बर, २०२०

प्रधानसम्पादक

डॉ० रामकेश्वर तिवारी

सह सम्पादक

श्री प्रसून मिश्र

प्रकाशक

वैदिक एजूकेशनल रिसर्च सोसाइटी

वाराणसी

Scanned with OKEN Scanner

- पत्रकारिता और राजनीति का अन्तर्सम्बन्धत — 200–204
  *डॉ0 कुसुम नेहरा*
- शिक्षा के आध्यात्मिक तत्वों की उपादेयता का विश्लेषणात्मक अध्ययन — 205–208
  *डॉ0 मैथिली रमण प्रसाद सिंह*
- जैमिनी ज्योतिष में उपलब्ध "स्त्री–जातक" का स्वरूप — 209–213
  *डॉ0 राजीव रंजन*
- व्यष्टि एवं समष्टि का समन्वय : नादयोग — 214–217
  *डॉ0 रमेश कुमार*
- सामवेद–शिक्षण परम्परा में कूटाक्षर — 218–221
  *डॉ0 ऋषिराज पाठक*
- ईशोपनिषद् विज्ञानभाष्य में विद्या और अविद्या का निरूपण — 222–225
  *डॉ0 सन्नीकुमार 'शाण्डिल्य'*
- उपासना (ऋग्वेदादिभाष्यभूमिकामनुगुणम्) — 226–228
  *डॉ0 उदयन आर्यः*
- भारतीया संस्कृतिः — 229–231
  *डो0 योगेशकुमार जे0 माछी*
- जीवस्य स्वरूपम् — 232–234
  *गङ्गाराणीसाहुः*
- मानवीय हस्तक्षेप से परिवर्तित होता अरावली पर्वतमाला स्थलरूप — 235–240
  *सुश्री गरिमा*
- दर्शनेषु प्रमाणस्वरूपम् — 241–245
  *हरीशबहुगुणा*
- वासिष्ठी शिक्षा के अनुसार शुक्लयजुर्वेदसंहिता का परिमाण — 246–248
  *हरीश जोशी*
- अर्थविज्ञानम् — 249–252
  *जयामालिकः*
- पुरुषार्थचतुष्टयेषु कामसम्बन्धीयव्यवहाराः — 253–256
  *जयन्तमण्डलः*
- उपनिषदि प्राणमाहात्म्यम् — 257–260
  *लक्ष्मीनारायणराओः*
- कम्बरामायणे भागवतपुराणस्य प्रभावः — 261–263
  *ग पर्वतवर्धिनी व डॉ0 वी0 शिवानी*
- अभिधाविमर्शः — 264–267
  *Priyanka Dey*
- व्याकरणशास्त्रे परिभाषाभास्करग्रन्थः — 268–270
  *राजेश शर्मा*
- 'आपके द्वार पहुँचा हरिद्वार' गायत्री परिवार के इस अभियान से मनुष्य के सद्ज्ञान का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन का अध्ययन — 271–278
  *इन्द्रजीत शर्मा व ॲड. राम राठौर*


Scanned with OKEN Scanner

# व्यष्टि एवं समष्टि का समन्वय : नादयोग

डॉ. रमेश कुमार*

योग एक व्यापक प्रक्रिया है जिसका आविष्कार भारतीय मनीषियों के अंतःकरण में अत्यन्त प्राचीन काल में घटित हुआ। ऋषियों ने साधना के द्वारा जाना की मनुष्य के भौतिक एव चेतसिक शरीर का अनन्त ब्रह्माण्ड से गहन एवं जटिल संबन्ध है। इसी सम्बन्ध से ब्रह्माण्ड की घटनाएँ मानव के जीवन को प्रभावित करती हैं तथा मनुष्य इन्हीं प्रभावों के बीच अपने कर्म करता हुआ सुखदुःखादि फलों को प्राप्त करता है। मानव के सृष्टि से संबन्ध को जानने और इनमें समन्वय स्थापित करने हेतु योगशास्त्र एव इसकी विस्तृत परम्परा ने अनेक उपयों का प्रतिपादन किया जो योग के अनेक सम्प्रदायों के रूप पुष्पित-पल्लवित होकर समाज के जीवन को उचित दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इनमें नादयोग एक महत्वपूर्ण पद्धति है। इसमें मानव को उसके दुःखों से छुटकारा दिलाने और मोक्ष प्राप्त कराने का सामर्थ्य है। नादयोग का प्रतिपादन उपनिषदों से लेकर हठयोग के अर्वाचीन ग्रन्थों में भी उपलब्ध होता है। नादबिंदूपनिषद् में नाद मनोनिग्रह एवं प्राणनिग्रह का साधन माना गया है-

**सदा नादानुसंन्धानात्संक्षीणा वासना तु या। निरञ्जने विलीयेते मनोवायू न संशयः॥[1]**

**नाद का अर्थ :** "नाद" शब्द की व्युत्पत्ति ना + द, "ना" अक्षर का अर्थ है प्राण और "द" का अर्थ है अग्नि। इसलिये प्राण और अग्नि के संयोग से जो ध्वनि उत्पन्न होती है; वही नाद कही जाती है। संगीतरत्नाकर-शब्दकोश में नाद का अर्थ- चीख, गरजना, दहाड़ना, ध्वनि, आदि नाद कहलाता हैं। योग में नाद अनाहत ध्वनि है- लोक में जितनी ध्वनियाँ (आवाज या शब्द) जनसाधारण को सुनाई देती हैं, वह सभी आहत् ध्वनि हैं। आहत् ध्वनि वह होती है जो दो भिन्न - भिन्न वस्तुओं के टकराने से, प्रहार से, अथवा रगड़ने से उत्पन्न होती है, जैसे जीवों की आवाज ( यह मुंह में दो भिन्न वस्तुओं के टकराने से होती है), वाद्यों की ध्वनि (जैसे ढोलक, नगाड़ा, मँजीरा आदि), पानी के वेग या झरने की आवाज, हवा के सनसनाहट की आवाज, इत्यादि। जो ध्वनियाँ आहत आवाजें नहीं हैं, वह अनाहत आवाजें हैं, जिन्हें नाद कहा जाता है। नादों को जनसाधारण नहीं सुन पाते, वह केवल योग के साधकों को ही अभ्यास के पश्चात सुनाई पड़ती हैं।

**नाद योग का अभ्यास किन किन करना चाहिए :-** स्वामी स्वात्माराम जी नाद - योग उपासना के विषय मे हठयोग प्रदीपिका मे कहते हैं कि :-

**अशक्यतत्त्वबोधानां मूढानामपि सम्मतम्। प्रोक्तं गोरक्षनाथेन नादोपासनमुच्यते ॥[2]**
**श्री आदिनाथेन सपादकोटिलयप्रकाराः कथिता : जयन्ति।**
**नादानुसन्धानमेकमेव मन्यामहे मुख्यतमं लयानाम् ॥[3]**

अर्थात् - जिन्हें परमतत्त्व का बोध नहीं हो सकता उन मूर्ख साधकों को भी प्रिय गोक्षनाथ द्वारा उपदेश किये गये नाद की उपासना का कथन किया है। यद्यपि श्री आदिनाथ ने सवा करोड़ लय के आलम्बन बताये हैं, उन सबमें जो अत्यन्त मुख्य है मैं उसे नाद की उपासना को मानता हूँ।

**नाद के भेद :** नाद के दो भेद भी किये जाते हैं- अनेक विद्वान नाद के मुख्य दो भेद मानते हैं-

**1. दिव्य नाद 2. भौतिक नाद।**

**1. दिव्य नाद** को अनाहत नाद भी कहते हैं जो अविनाशी है, यह सृष्टि में सर्वत्र "ओ३म्" का नाद गूंज रहा है। सर्वाधिक प्रसिद्ध अनाहत शब्द "ओ३म्" है जो सृष्टि में अनादि काल से है। योगियों को ही यह नाद " ओ३म् " सुनाई देता है। "ओ३म्" शब्द सृष्टि में परमात्मा की प्रथम अभिव्यक्ति मानी जाती है और सृष्टि की समस्त क्रिया-शक्ति इसी शब्द के कारण बताई जाती है। यह सदा से चला आ रहा है और सदैव चलता रहेगा तथा यह प्रत्येक पदार्थ में स्थित है। इस के बाद अन्य कई प्रकार के नाद ( अनाहत ध्वनि )

*असिस्टेंट प्रोफेसर, योग विज्ञान विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्विद्यालय, नई दिल्ली-16



Scanned with OKEN Scanner

त्रयोदशोऽङ्कः जनवरी-जून, 2021 ISSN 2454-1230

# शिक्षाप्रियदर्शिनी

अन्ताराष्ट्रिया समकक्षव्यक्ति-समीक्षिता बहुभाषी-षाण्मासिक-शोधपत्रिका

## SHIKSHA- PRIYADARSHINI

(An International Peer-Reviewed Multi-Lingual Half-Yearly Research Journal)

**प्रधानसम्पादकः**

**प्रो. चाँदकिरणसलूजा**

निदेशकः, संस्कृतसंवर्धनप्रतिष्ठानम्, नवदेहली

**सम्पादकाः**

**डॉ. सुनीलकुमारशर्मा**

सहायकाचार्यः, शिक्षासंकायः, श्री लालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली

**डॉ. नितिनकुमारजैनः**

सहायकाचार्यः, शिक्षाशास्त्रविभागः, केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, भोपालपरिसरः, भोपालम्, मध्यप्रदेशः

**डॉ. आरती शर्मा**

सहायकाचार्यः, शिक्षासंकायः, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली

**प्रबन्धसम्पादकः**

**प्रो. पवनकुमारः**

परीक्षानियन्त्रकः, केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नई दिल्ली

**प्रकाशकः**

**संस्कृतसंस्कृतिविकाससंस्थानम्**

**बाडी, धौलपुरम्, राजस्थानम् – 328021**



Scanned with OKEN Scanner

13. योग की परंपरा एवं इतिहास — 86
डॉ. रमेश कुमार

14. कवि निराला की काव्य-साधना में जन भाषा के नवीन प्रयोग — 98
डॉ. शालिनी श्रीवास्तव

15. वैवाहिक मेलापक में मंगल दोष — 107
डॉ. मृत्युञ्जय कुमार तिवारी

16. हिन्दूधर्मे पुरुषार्थचतुष्टयस्य अवधारणा — 115
डॉ. प्रज्ञा

17. वेदपदार्थः — 120
वेणुधरदाशः

18. कालिदास एवं प्रकृति - एक विवेचन — 126
हनुमान शर्मा

19. नैषधीयचरितमहाकाव्य में वर्णित सामुद्रिकशास्त्रीय तत्त्वानुशीलन — 135
रुनिस्मिता प्रीतिपुष्पा

20. महाकविकालिदासकृतिषु शृंगारसौन्दर्यम् — 141
अमित कुमार मीना

21. वैदिकसाहित्ये इन्द्रविमर्शः — 151
परमेश्वर शर्मा

22. प्राकृत साहित्य में नारी — 157
अलीशा जैन

23. डॉ. नन्दकिशोरगौतममहाभागस्य संस्कृते योगदानम् — 162
मुनेशः कुमारः

24. उत्तराखण्डस्थसंस्कृतविदुषां संस्कृतव्याकरणे योगदानम् — 170
हरिश्चन्द्र डंगवालः




Scanned with OKEN Scanner

शिक्षाप्रियदर्शिनी
अन्ताराष्ट्रिया समकक्षव्यक्ति-समीक्षिता बहुभाषीयशोधपत्रिका, त्रयोदशोऽङ्कः, जनवरी-जून, 2021, ISSN : 2454-1230

13.

# योग की परंपरा एवं इतिहास

**डॉ. रमेश कुमार, सहायक प्राध्यापक**
**योग विज्ञान विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली**

## योग

प्राचीन काल में हमारे देश के ऋषियों, महर्षियों मनीषियों ने ईश्वर प्राप्ति के अनेक साधनों की खोज की थी। उन साधनों में योग-शास्त्र एक साधन है। यौगिक साधनाओं का अभ्यास करके मनुष्य सुख, आनन्द और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। योगशास्त्र स्वयं में सम्पूर्ण शास्त्र है। इसे किसी अन्य [अवलम्बन] सहायता की आवश्यकता नहीं है। जैसा कि तन्त्र मन्त्र आदि की साधनाओं में होती है। तन्त्र और मन्त्र से सम्बन्धित साधनाओं में योग की अनेक क्रियाओं (यथा-मुद्रा, आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि) के अवलम्बन बिना सिद्धियाँ मिलना असम्भव है। अत: योग विज्ञान ही सर्वोपरि विज्ञान है।

## योग का अर्थ, परिभाषा

**योग शब्द का अर्थ:-** योग शब्द संस्कृत की युज धातु से बना है जिसका अर्थ समाधि और मिलाना है। महर्षि पाणिनी ने योग शब्द की व्युत्पत्ति **युज् संयमने युजिर् योगे** और **युज समाधौ**[1] इन तीन धातुओं से करते है। **युज् संयमने** इन्द्रियों पर संयमन करना या मन पर संयम करना है ही योग है। **युजिर् योगे** इस के अनुसार योग शब्द का अनेक अर्थो में प्रयोग किया गया है। जैसे- जोड़ना, मिलाना, मेल आदि। इसी आधार पर जीवात्मा और परमात्मा का मिलन योग कहलाता है। **युज् समाधौ** अर्थात् इसमें योग को समाधि की अवस्था कहा गया है, अर्थात् समाधि कहा गया है जो कि जीवात्मा और परमात्मा की समता होती है। महर्षि पतंजलि ने योग शब्द को समाधि के अर्थ में प्रयुक्त किया है। महर्षि व्यास ने भी **योगः समाधिः** योग को समाधि का वाचक माना है जिसमें मन को भलीभाँति समाहित किया जाए उसे समाधि और आत्मा- परमात्मा के मेल को योग कहते हैं। व्यास जी ने योग शब्द का अर्थ समाधि करते हुए कहा है की **समाधि:- स च सार्वभौमः चित्तस्य धर्मः।** [2] अर्थात् समाधि चित्त की सर्वभोम अवस्था है। जैसे-घडा, ढकना, सुराही ये मिट्टि की अवस्थाएँ हैं।

**योग की परिभाषाएं:-** भारतीय दर्शनों में योग विद्या का सर्वोपरि स्थान है। योग ज्ञान वेदों, दर्शनों उपनिषदों, गीता एंव पुराणों आदि प्राचीन ग्रन्थों में विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है।

---

[1] धातुपाठ महर्षि पाणिनी

[2] व्यास भाष्य



Scanned with OKEN Scanner

ISSN : 2455-717X

व्युत्पत्ति

# व्युत्पत्ति
# VYUTPATTI

(A peer reviewed Half yearly Research Journal of Humanities & Social Sciences)

सम्पादक
प्रो. शिवशङ्कर मिश्र

सह-सम्पादक
डॉ. रामनारायण द्विवेदी

प्रबन्ध-सम्पादक
विजय गुप्ता

अतिथि सम्पादक
डॉ. राजन कुमार गुप्ता

अतिथि सह-सम्पादक
डॉ. कृपाशंकर मिश्र

Year : 2020 Vol. 01-02 Month : Jul & Dec.

Published by : **Matrisadanam**, M.I.G - 2, A.D.A Colony, Naini, Prayagraj (U.P.)

Scanned with OKEN Scanner

व्युत्पत्ति

## अनुक्रम.....


| क्र. सं. | विषय | लेखक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | मिथिलाया: श्रौतयागपरम्परा | डॉ. सुन्दरनारायणझा | 01 |
| 2. | आयुर्वेदग्रन्थेषु साङ्ख्यदृष्ट्या तत्त्वनिर्धारणम् | विजय गुप्ता | 08 |
| 3. | कृषिकर्मणि वृक्षायुर्वेदस्य योगदानम् | श्रीखेमराजरेग्मी | 14 |
| 4. | निर्दिश्यमानस्यादेशा भवन्तीति परिभाषार्थविमर्श: | रत्नेशकुमारत्रिवेदी | 20 |
| 5. | विचारसागरदिशा मोक्षस्वरूपविमर्श | प्रो. शिवशङ्कर मिश्र | 23 |
| 6. | माघकाव्य में निहित योगतत्त्व का विवेचन | डॉ. जीवनकुमार भट्टराई | 29 |
| 7. | उपनिषदों में योग का स्वरूप | डॉ.रमेश कुमार | 36 |
| 8. | धात्वर्थ विवेचन : वैयाकरणभूषणसार..... | कुसुम लता | 42 |
| 9. | श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित समरसता विमर्श | योगेश कुमार मिश्र | 51 |
| 10. | यजुर्वेद में पर्यावरण-संरक्षण : वैज्ञानिक एवं... | मानसी | 56 |
| 11. | अभिनवगुप्त के स्तोत्रों में प्रतिपादित शिवतत्त्व | रमेश चन्द्र नैलवाल | 66 |
| 12. | भारतीय जनमानस में स्त्री : एक विमर्श | निराली | 73 |
| 13. | ऋग्वैदिक सरस्वती : वाक् तत्त्व के रूप में | पवन | 78 |
| 14. | स्मृतियों में प्रतिपादित स्त्रीधन एवं उसकी.... | स्मिता यादव | 83 |


Scanned with OKEN Scanner

ISSN : 2455-717X

व्युत्पत्ति
वर्ष : 5, संयुक्ताङ्क (1-2) दिसम्बर 2020

# उपनिषदों में योग का स्वरूप

डॉ.रमेश कुमार*

अमरकोषकार के अनुसार उपनिषद् शब्द का अर्थ- षद्लृविशरणगत्यवसादनेषु धातु के पहले 'उप' और 'नि' उपसर्गपूर्वक 'सद्' धातु का यही (अवसादन हो) अर्थ है। इन दो उपसर्गों (उप, नि) के साथ सद् धातु से क्विप् प्रत्यय लगाने से उपनिषद् शब्द बनता है। सद् धातु के तीन अर्थ है विशरण (विनाश), गति (ज्ञान-प्राप्ति) तथा अवसादन (शिथिल करना)। अर्थात जो समस्त अनर्थों को उत्पन्न करने वाले संसार का नाश करती, वह उपनिषद् है। संसार की कारण भूत अविद्या को शिथिल करती तथा ब्रह्म की प्राप्ति कराती है, वह उपनिषद् है। अर्थात् उप (व्यवधान रहित) नि (सम्पूर्ण) पद (ज्ञान) = उपनिषद्। उपनिषद् को पराविद्या कहते हैं, जबकि संहिता, ब्राह्मण और आरण्यक को अपरा विद्या कहते हैं। 'धर्मे रहस्युपनिषत् स्यात्' लिखते हैं, इसके अनुसार उपनिषद् शब्द गूढ धर्म एवं रहस्य के रूप में प्रयुक्त होता है। प्राणियों के परम पुरुषार्थ को प्रकाशित करने वाली परमार्थ को दिखलाने वाली तथा परम उपकारिणी विद्या उपनिषद् है।

विश्व के कारण तत्त्व का विचार उपनिषदों के ज्ञानकाण्ड में किया गया है अतएव उपनिषद् को वेद का ज्ञानकाण्ड भी कहा जा सकता है। उपनिषद् का प्रतिपाद्य विषय ज्ञान है, जिसके आधार पर उसे ज्ञान नाम से सम्बोधित किया जाता है। वेदों का सिद्धान्त उपनिषदों में ही वर्णित है। इस आधार पर उपनिषद् का एक नाम वेदान्त है, क्योंकि यह वेद के चार भागों (संहिता, ब्राह्मण, आरण्य और उपनिषद्) में अन्तिम भाग के रूप में प्रतिष्ठित पाया जाता है। इसे वेदों के अन्त का सिद्धान्त कहा जाता है। वाक्यान्तर से यह भी कहते हैं कि उत्तर मीमांसा या वेदान्त दर्शन (वेदान्त) का अर्थ है उपनिषद् और उपनिषद् का सार-तत्व है वेदान्त। उपनिषद् को वेद- पुरुष का शिरोभाग (मस्तिष्क) कहा जाता है

वेदत्रयी कर्मकाण्ड है। कर्म के द्वारा मल की निवृत्ति होने पर एकाग्रता की प्राप्ति के लिये ज्ञानकाण्ड - उपनिषद् का विधान है। ईश्वरीय कृति को श्रुति कहते

* असिस्टेंट प्रोफेसर, योग विज्ञान विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षाप्रियदर्शिनी-शोधपत्रिकायाः सामान्यनियमाः

- शिक्षाप्रियदर्शिनी-शोधपत्रिकायाः मुख्यसंरक्षक- संरक्षक- प्रधानसम्पादक- प्रबन्धसम्पादक-सम्पादकसमीक्षक- परामर्शकादिसमस्तपदानि अवैतनिकानि सन्ति।
- शिक्षाप्रियदर्शिनी-शोधपत्रिका देश-विदेशस्थानां विद्यार्थिनां शोधार्थिनां शिक्षाविदां विभिन्नविषयविशेषज्ञानाञ्च शोधप्रक्रियाधारितानि गुणवत्तापरकज्ञानपूर्णानि शोधपत्राणि आमन्त्रयति।
- शोधपत्राणां प्रकाशनं सम्पादकस्य सम्पादकमण्डलस्य वा संस्तुत्याधारेण भवति, यत्र शोधसामग्र्या समस्तमुत्तरदायित्त्वं लेखकस्यैव भविष्यति। सम्पादकमण्डलं लेखकस्य मतस्य समर्थनं न करोति। अत्र अवधेयमस्ति यत् कस्यापि धर्म-जाति-सम्प्रदायविशेषस्य विरोधे लिखितलेखाः स्वीकृताः न भविष्यन्ति।
- सम्पादकमण्डलं शोधपत्राणि किञ्चिद् परिवर्तनपूर्वकं प्रकाशयितुमधिकारि भविष्यति।
- सम्पादकेन सम्पादकमण्डलसदस्यैः समीक्षकैः वा अस्वीकृतलेखाः न प्रकाशयिष्यन्ते, विषयेऽस्मिन् तेषामेव निर्णयः अन्तिमः भविष्यति। अस्वीकृतलेखाः लेखकं प्रति न प्रेषयिष्यन्ते।
- शिक्षाप्रियदर्शिनी-शोधपत्रिकायां प्रकाशितानां शोधपत्राणां देश-विदेशानां शोधसंस्थाभिः विश्वविद्यालयैश्च अस्वीकृतौ प्रकाशक-सम्पादक-सम्पादकमण्डल-मुद्रकादीनां किमपि उत्तरदायित्त्वं नास्ति।
- अग्रिमाङ्कप्रकाशनात्परं पूर्वतनाङ्कस्य सामग्री दुरुपयोगनिवारणाय नष्टा करिष्यते।
- शिक्षाप्रियदर्शिनी-शोधपत्रिकया सम्बन्धितस्य कस्यापि विवादस्य कृते न्यायिकक्षेत्रं राजस्थानस्य धौलपुरजनपदवाडीतहसीलन्यायालयस्य निर्णयः मान्यश्च भविष्यति।
- शिक्षाप्रियदर्शिनी-शोधपत्रिकायां शोधपत्रप्रकाशनार्थं लेखकाः शोधप्रक्रियाधारितलेखान् 5-7 पृष्ठेषु (2000-3000 शब्देषु) संस्कृत-हिन्दीभाषयोः Unicode-Kokila तथा च आङ्ग्लभाषायाः Timse New Roman (Size 14) लिपिषु टङ्कणं विधाय सी.डी. (मुद्रितपत्रसहित) अथवा ई-मेल माध्यमेन स्वकीय नाम-पत्रसङ्केत-चलदूरभाष-ईमेलसहितं प्रेषयेयुः।
- शोधपत्रे प्रायः 150 शब्दानां शोधसंक्षिप्तिका (Abstract), मुख्यशब्दाः (Keywords), सन्दर्भाः (Refferences) न्यूनातिन्यूनं 15, अन्ते सन्दर्भग्रन्थाश्च भवेयुः।
- सन्दर्भाः लेखकनाम-ग्रन्थनाम-व्याख्याकारनाम/टीकाकारनाम-प्रकाशकनाम-स्थल- वर्षसहितं पृष्ठसंख्यायुताः स्युः।

अणुसङ्केतः- shikshapatrika@gmail.com
कार्यालयस्य दू. सं. - 8905479855 शोधालेखसम्बन्धीसूचनार्थं दू.सं.- 7014653608
संस्थानस्य अन्तर्जालसङ्केतः- www.ssvsansthan.in
पत्रिकायाः अन्तर्जालसङ्केतः- www.shikshapriyadarshini.com

ISSN 2454-1230

पञ्चदशोऽङ्कः, XV$^{th}$ Issue
जनवरी-जून, 2022
January-June 2022

# शिक्षाप्रियदर्शिनी

अन्ताराष्ट्रिया समकक्षव्यक्ति-समीक्षिता
बहुभाषी-षाण्मासिक-शोधपत्रिका

## SHIKSHA PRIYADARSHINI

(An International Peer-Reviewed Multi-Lingual)
Half-Yearly Research Journal)

मुख्यसंरक्षकः
**प्रो. श्रीनिवास वरखेडी**

प्रधानसम्पादकः
**प्रो. पवनकुमारः**

प्रबन्धसम्पादकौ
**प्रो. राधागोविन्द त्रिपाठी**
**प्रो. अंजूसेठः**

13. काव्यालङ्कारकारिकायां काव्यलक्षणविचारः 83
अम्लानः आचार्यः
14. जातिगत भिन्नता का पारिवारिक वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन 88
डॉ. दीपशिखा मित्तल
15. संस्कृतिः संस्कृताश्रिता 92
वेणुधरदाशः
16. वैदिक शिक्षा प्रणाली की नई शिक्षा नीति में उपादेयता 100
डॉ. मृत्युञ्जय कुमार तिवारी
17. श्रीमद्भगवद्गीता का प्रतिपाद्य-एकमेव शरणागति 105
राघवेन्द्र भारद्वाज एवं डॉ. तुलसी देवी
18. विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम 110
डॉ. खुशबू कुमारी
19. मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति एवं सुधारः भारतीय परिप्रेक्ष्य 114
डॉ. पिंकी मलिक
20. प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाण...इत्यादिसूत्रे परिमाणग्रहणविचारः 121
डॉ. एल्. सविता आर्या
21. वेदान्त दर्शन में मानव चेतना 130
डॉ. रमेश कुमार
22. 'मनोरश्वासि' (राजा मनु की घोडी है) 136
पूज्य स्वामी विवेकानन्द सरस्वती जी महाराज
23. **Treatment of Guṇas in the Sāṁkhya System** 139
Swati Sucharita Pattanaik
24. मानस के अनुसार ज्ञान के अधिकारी 146
डॉ. जयशंकर शुक्ल
25. समकालीन हिंदी साहित्य में बाल स्वर 153
प्रज्ञा शुक्ला
26. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक-शिक्षा की चुनौतियाँ एवं सुझाव 160
डॉ. मारकण्डेय दीक्षित
27. संस्कृतसम्भाषणे परस्मैपदप्रयोगाणां प्रासङ्गिकता 166
सुकान्त प्रामाणिक
28. वैदिकसंस्कृतेः आधुनिकपरिप्रेक्ष्ये प्रासंगिकता 172
डॉ. सुनील कुमार शर्मा




Scanned with OKEN Scanner

**शिक्षाप्रियदर्शिनी**
(अन्ताराष्ट्रिया समकक्षव्यक्ति-समीक्षिता
बहुभाषीयशोधपत्रिका)
पञ्चदशोऽङ्कः, जनवरी-जून, 2022
ISSN : 2454-1230

21.

# वेदान्त दर्शन में मानव चेतना

**डॉ. रमेश कुमार**
**असिस्टेंट प्रोफेसर, योग विज्ञान विभाग**
**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली**

**चेतना का अर्थ :-**

चेतना शब्द संस्कृत की चित्तसंचने धातु और ल्युट व टाप प्रत्यय से बना है। जिसका अर्थ है। ज्ञान का संचय करना, ज्ञान को इकट्ठा करना, ज्ञान का बोध होना, अर्थात ज्ञानार्जन करना का अर्थ मे है, चेतना एक गूढ़ एवं व्यापक विषय है। सामान्य रूप में चेतना का अभिप्राय चैतन्यता, सजीवता आदि से है। सृष्टि के प्रत्येक घटक के। कण - कण में जो स्पन्दन, परिवर्तन, गतिशीलता दृष्टिगोचर हो रही है, इसके मूल में सक्रिय शक्ति चेतना है।
कॉन्शियसनेस शब्द लेटिन मूल के दो शब्द ' कॉन ' ( Con ) तथा ' सायर ' ( scire ) से मिलकर बना है। इसका अर्थ है, जिसके द्वारा हम जानते हैं। आधुनिक विज्ञान में इसका अर्थ ' बोड ' या ' अभिजा ' ( Awareness ) से है।

**चेतना की परिभाषाएं**

अमेरिकी मनीषी डा. डेविड फ्रॉअले के शब्दों में, यह सृष्टि की सबसे अद्भुत चीज है। इसकी गहराई और व्यापकता की कोई सीमा नहीं है।[1], ऐनीबेसेन्ट चेतना को जीवन का पर्याय मानती हैं। उनके अनुसार ' चेतना और जीवन एक ही तथ्य के दो पहलू हैं। बिना चेतना के जीवन सम्भव नहीं है[2] और बिना जीवन के चेतना सम्भव नहीं। अत : जीवन की सक्रियता एवं चैतन्यता के मूल में विद्यमान शक्ति ही चेतना है। इसकी अभिव्यक्ति सृष्टि में दृश्यमान जीवन के विविध स्तरों में होती है।
इस युग के प्रख्यात विज्ञानविद् रोजर पेनरोज के अनुसार - मैं चेतना को बोध ( Awareness ) के समानार्थी मानता हूँ, यद्यपि मन और आत्मा भी इसके अर्थ को व्यक्त करते हैं, किन्तु ये अभी स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं है।[3] कुछ इसे सचेतना के रूप में प्रतिपादित करते हैं। इनके अनुसार चेतना उस मानसिक सक्रियता के पीछे निहित तत्त्व है, जिसके तीन अंग हैं - चिंतन

---

[1] "Consciousness is the most wonderful thing in the universe, there is no limit to its depth and grasp " Dr. David Frawley Ayurveda and the Mind, p.76

[2] "Consciousness and life are identical, two names for one thing as regarded from within and from without there is no life without consciousness; there is no consciousness without life" Annie Besant A Study in Consciousness, p. 5

[3] "I take the word 'awareness' (although perhaps 'awareness' is just a little more passive than what I mean by 'consciousness') where as 'Mind' and Soul' have further connotation which are a good deal less clearly definable at present" Roger Penrose - The Emperor's New Mind, p. 525



Scanned with OKEN Scanner

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritsahityasammelan@gmail.com

ISSN 2395-3055

सितम्बर-अक्टूबर, 2021 ₹ 25

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

# संस्कृत-रत्नाकरः

## Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)



अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि0)
संस्कृत भवन, ए-10, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली - 110067

Scanned with OKEN Scanner

वर्ष : 8 अंक : 4, 5 (88, 89)

● विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

# संस्कृत-रत्नाकरः

**Sanskrit Ratnakar**

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)

स्वामित्व : अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि.)

अध्यक्ष : प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय
अखिल भारतीय सस्कृत साहित्य सम्मेलन

प्रधान सम्पादक (पदेन) : रमाकान्त गोस्वामी

सम्पादक : प्रो. शिवशङ्कर मिश्र

शोधपत्रपरीक्षक मण्डल : प्रो. केदार प्रसाद परोहा (नई दिल्ली)
प्रो. रमाकान्त पाण्डेय (जयपुर)
प्रो. रामसलाही द्विवेदी (नई दिल्ली)
प्रो. रामनारायण द्विवेदी (काशी)
प्रो. विनय कुमार पाण्डेय (काशी)

व्यवस्थापक मण्डल : आर. एन. वत्स 'एडवोकेट'

ग्राफिक डिजाईनर : विश्वकर्मा शर्मा

संपादकीय कार्यालय : संस्कृत भवन, ए-10, अरुणा आसिफ अली मार्ग, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-67

संपादक, प्रकाशक एवं मुद्रक : रमाकान्त गोस्वामी, महासचिव, अ.भा.स. सा.स.

दूरभाषा : 011-41552221, मो.- 9818475418

*Website : aisanskritsahityasammelan.com*

*E-mail : sanskritsahityasammelan@gmail.com*

संस्कृत-रत्नाकरः में प्रकाशित लेख लेखकों के अपने व्यक्तिगत विचार हैं। इसके लिए "संस्कृत-रत्नाकर": जिम्मेदार नहीं है।



## सम्पादकीयम्

अस्माकं भारतीयज्ञानपरम्परायां शिष्येभ्यो यो वेदमध्यापयति मन्त्रव्याख्यानञ्च करोति स अध्यापकत्वेन परिकल्पितः। अध्यापको नाम अध्यापनकर्ता, पाठगुरुः, अध्यापयिता, संस्कारादिकर्तुर्गुरुराचार्यः, उपाध्यायश्चेति। अद्यत्वे अध्यापकस्यैवाभिधानं शिक्षकत्वेन सुप्रसिद्धम्, अतएव डॉ. सर्वपल्लीराधाकृष्णन्महोदयानां जन्मतिथिमभिलक्ष्य शिक्षकदिवसः प्रतिवर्षं परिपाल्यते भारतसर्वकारेण। स चाध्यापकः अस्माकं शास्त्रेषु द्विधा सुप्रसिद्धः आचार्यः उपाध्यायश्च। शिष्येभ्यो यो निःशुल्कं शिक्षां प्रददाति स आचार्य इति गीयते-

- उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः।
  सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते॥ (मनु. 2/140)
- यस्तूपनीय व्रतादेशं कृत्वा वेदमध्यापयेत्तमाचार्य्यं विद्यात्।

आचार्यस्य अन्यापि एका परिभाषा सुप्रसिद्धा-

- आचिनोति च शास्त्रार्थम् आचारे स्थापयत्यपि।
  स्वयमाचरते यस्तु स आचार्य इति स्मृतः॥

मेनियरविलियम्सविरचिते कोशग्रन्थे आचार्यविषये एतद्वचनं सम्प्राप्यते- Knowing or teaching the आचार or Rules.

"योऽध्यापयति वृत्त्यर्थमुपाध्यायः स उच्यते" इति मनूक्तलक्षणेन सिद्धयति यत् शिष्येभ्यो यो शुल्कमादाय शिक्षां प्रददाति स उपाध्यायो भवति-

यस्त्वेनं मूल्येनाध्यायेदेकदेशं वा तमुपाध्यायमिति। अद्यत्वे शिक्षाप्रणाल्यां शिक्षाकर्मणि संलग्नाः जनाः शिक्षकत्वेन विज्ञायन्ते। वस्तुतः पुरा ये उपाध्यायाः आसन् त एव इदानीं शिक्षका इत्यनुभूयते। शिक्षकविषये शिक्षाविषये चात्यन्तं सुप्रसिद्धमाचार्यचाणक्यवचनम् (भाषायाम्) सम्प्रत्यपि लोकमानसे शिक्षकाणां गौरवसंवर्धनाय अस्मानत्यन्तं सम्प्रेरयति-

- शिक्षक कभी साधारण नहीं होता प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं।
- शिक्षा ही सबसे अच्छी मित्र है, शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। शिक्षा यौवन और सौन्दर्य को परास्त कर देती है।

समाजस्य निखिलेषु प्रकल्पेषु साक्षात् परम्परया वा शिक्षकाणां महती भूमिका अनुभूयते। तद् कामं युद्धं भवेत् शान्तिर्वा भवेत्, ग्रामो भवेत् संग्रामो वा भवेत्, सर्वत्र शिक्षकाः अमूर्ततया विराजन्ते। स्वतन्त्रतासंग्रामेऽपि संस्कृतशिक्षकाणां संस्कृतच्छात्राणाञ्चासीत् महती प्रस्तावना इति प्रकृतेऽङ्के भवन्तः पठितुं प्रभवन्ति।

यथा दृश्यमानं किमपि गगनचुम्बिभवनं मूले आधृतं भवति। यदि मूलं दृढं न भवेत्तर्हि भवनमपि सुदृढं न स्यात्, तद्वदेव सर्वत्र प्रशासकेषु, न्यायाधीशेषु, चिकित्सकेषु, अधिवक्तृषु, अभियन्तृषु, व्यापारिषु, कर्मचारिषु च मूले सूक्ष्मतया शिक्षक एव सन्तिष्ठते। शिक्षकः शिक्षायाः हेतुः, शिक्षा च सकलाभ्युदयस्य हेतुरिति विद्यते कश्चन क्रमः। अतः सकलज्ञानप्रदायकः, परमार्थपथप्रदर्शकः, निखिललोकव्यवहारबोधकः, ज्ञानवैभवस्य, निःश्रेयसाभ्युदयस्य च सम्प्रदायकः शिक्षकः सर्वैस्समादरणीयोऽनु करणीयश्चेति मे मतिः।

प्रो. शिवशङ्करमिश्रः, शोधविभागाध्यक्षः
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली - ११००१६

## विषय सूची



03 । क्रान्तिवीर प्रवासी संस्कृत शिक्षक....
- प्रो. रमाकान्त पाण्डेय



08 । भारतीय वाङ्ममय में मोक्ष का स्वरूप
- डॉ. रमेश कुमार



11 । ताजिकमते अरिष्टविमर्शः
- श्री हर्ष द्विवेदी



14 । प्रतिज्ञाहानि नामक निग्रहस्थान का विववेचन - यशवन्त कुमार त्रिवेदी



16 । केवलसमासस्य वैलक्षण्यं, चकारार्थश्व
- अर्चना शर्मा



18 । वैदिक देवता और उनका वाहन
-डॉ. योगानन्द शास्त्री - विजय गुप्ता



20 । प्राकृतिक चिकित्सा या प्राकृतिक जीवन
- डॉ. नवदीप जोशी



22 । श्वेताश्वतरोपनिषदि ब्रह्मणः स्वरूपम्
- हरि मैनाली

Scanned with OKEN Scanner



# भारतीय वाङ्मय में मोक्ष का स्वरूप

**डॉ. रमेश कुमार**
सहायक आचार्य,
योग विभाग
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

भारतीय वाङ्मय में कहा गया है कि जीव अज्ञान के कारण ही बार बार जन्म लेता और मरता है । इस जन्ममरण के बंधन से छूट जाने का ही नाम मोक्ष है। मोक्ष का सामान्य अर्थ दुःखों का विनाश है अर्थात् दुःखों के आत्यन्तिक निवृत्ति को ही मोक्ष या कैवल्य कहते हैं।

प्रायः सभी भारतीय दर्शन यह मानते हैं कि संसार दुःखमय है। दुःखों से भरा हुआ है। किन्तु ये दुःख अनायास नहीं है, इन दुःखों का कारण है। उस कारण को समाप्त करके हम सभी प्रकार के दुःखों से मुक्त हो सकते है। दुःख मुक्ति की यह अवस्था ही मोक्ष है, मुक्ति है, निर्वात हैं, अपवर्ग है, कैवल्य है। और यही जीवन का अन्तिम लक्ष्य है। जव तक इस लक्ष्य की प्राप्ति नही हो जाती तब तक संसार में जन्म मरण का चक्र चलता रहेगा और जीव दुःख भोगता रहेगा। भारतीय दर्शन सिर्फ मोक्ष की सैद्धान्तिक चर्चा ही नहीं करता बल्कि उसकी प्राप्ति के व्यावहारिक उपाय भी बताता है इसीलिए भारतीय दर्शन केवल सैद्धान्तिक दर्शन न होकर एक व्यावहारिक दर्शन है।

भारतीय वाङ्मय में मोक्ष का स्वरूप विषय पर महर्षि दयानंद सरस्वती अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश और ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका में मोक्ष के रूप को प्रतिपादित करते हुए कहते हैं कि प्रकृति का गुण 'सत्य' है तथा उसके नियमों को 'चित्' कहते हैं। जीव सत् और चित् गुणों वाला है। ईश्वर सर्वगुण सम्पन्न है। उसमें सत्, चित् और आनन्द तीनों गुण विद्यमान होते हैं। इसलिये उसे सच्चिदानन्दस्वरूप कहते हैं। प्रकृति जड़ है। जीव में ज्ञान है किन्तु उसमें आनन्द का अभाव है, इसलिये जीव आनन्द की तलाश में ईश्वर की ओर आकर्षित होता है।

## मोक्षप्राप्ति के साधन

परमेश्वरोपासनेनाविद्याऽधर्माचरणनिवारणाच्छुद्धविज्ञानधर्मानुष्ठानोन्नतिभ्यां जीवो मुक्ति प्राप्नोतीति।

जब इस मनुष्य का हृदय सब बुरे कामों से अलग होकर शुद्ध हो जाता है तभी वह अमृत अर्थात मोक्ष को प्राप्त होकर आनंद युक्त हो जाता है।

योग दर्शन में महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित साधनों को ही महर्षि दयानंद ने मोक्ष प्राप्ति के साधन माने हैं। यह बात उन्होंने ऋग्वेद आदि भाष्य भूमिका में मुक्ति विषय में योगदर्शन के प्रमाण देते हुए कहा है।

अविद्यांस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्च क्लेशाः॥ अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम् ॥ अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या॥ दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता॥ सुखानुशयी रागः॥ दुःखानुशयी द्वेषः॥ स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः॥ तदभावात्संयोगाभावो हानं तद्दृशेः कैवल्यम्॥ तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम् ॥ सत्त्वपुरुषयोः शुद्धिसाम्ये कैंवल्यमिति ॥ तदा विवेकनिम्नकैवल्यप्राग्भारं चित्तम् ॥ पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति ॥

## न्याय दर्शन के प्रमाण

दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः॥ २॥ बाधनालक्षणं दुःखमिति ॥ २ ॥ तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः ॥ ३ ॥[१]


ISSN 2395-3055

HPMUL/2018/77759

ISSN 2582-2616



Vol. 05 (2021)

# साहित्य-वेदिका

## (SAHITYA-VEDIKA)

Peer Reviewed Annual Research Journal of Sanskrit Literature & Drama

DEPARTMENT OF SAHITYA

VEDAVYAS CAMPUS
Central Sanskrit University, Balahar
Himachal Pradesh-177108
www.rsksbalahar.ac.in

Scanned with OKEN Scanner

ISSN 2582-2616

# विषयसूची


| क्र. सं. | शोध-शीर्षकः | शोध-लेखकः | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | मम्मटाभिमतम् अभिधाशक्तिनिरूपणम् | डॉ. महीपालसिंहः | 1-4 |
| 2. | कर्मकाण्डे यज्ञानां महत्त्वम् | डॉ. कृष्णमोहनपाण्डेयः | 5-8 |
| 3. | क्षेमेन्द्रात् पूर्वम् औचित्यस्य काव्यशास्त्रीयविकासः | डॉ. अमनदीप शर्मा | 9-12 |
| 4. | आचार्यधनञ्जयानुसारेण नाट्यं नाट्यवस्तुविमर्शश्च | अरविन्द कुमार पाण्डेयः | 13-16 |
| 5. | काश्मीरमहाकविकल्हणस्य जीवनपरिचयः | हेमराजः | 17-22 |
| 6. | लोकसाहित्यान्तर्गतलौकिकन्यायानां वैशिष्ट्यम् | वीणाचन्द्रन् | 23-24 |
| 7. | तेजोबिन्दूपनिषदि प्रणवस्वरुपम् | राजेशकुमारः | 25-26 |
| 8. | महाकविभवभूतेः करुणरसस्य मनोवैज्ञानिक-विश्लेषणम् (जेम्सलांजेकेननबर्डयोः संवेगसिद्धान्तमधिकृत्य) | पवनचन्द्रः | 27-29 |
| 9. | ईश-केन-मुण्डक-माण्डूक्योपनिषत्सु प्राणप्रस्तावः | जोशी भारद्वाजः | 30-31 |
| 10. | कालिदाससाहित्ये दार्शनिकता | यदुश्री के पि | 32-35 |
| 11. | को हेतुः काव्यनिर्माणे | वि प्रदीपकुमारः | 36-37 |
| 12. | अर्जुनरावणीय-व्याकरणोदाहरणकाव्यपरम्परा का अद्भुत निदर्शन | डॉ. राधावल्लभ शर्मा | 38-46 |
| 13. | संस्कृत वाङ्मय में प्राणायाम का स्वरूप | डॉ. रमेश कुमार | 47-51 |
| 14. | नाट्यशास्त्र के उद्भव और विकास की भारतीय परम्परा | ललित कुमार शर्मा | 52-55 |
| 15. | पर्यावरण चुनौतियाँ : संस्कृत वाङ्मय के सन्दर्भ में समाधान | रमन शास्त्री | 56-57 |
| 16. | A Note on 'Śrīkāvyakaṇṭhacarita' with special reference to sentiments | Dr. Roshan Khandu Bhagat | 58-60 |




Scanned with OKEN Scanner

ISSN 2582-2616

# संस्कृत वाङ्मय में प्राणायाम का स्वरूप

डॉ. रमेश कुमार

**प्राणायाम शब्द की उत्पत्ति एवं अर्थ :-**

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों प्राण + आयाम से मिलकर बना है। प्राणायाम में प्र उपसर्ग और अन् धातु (जो जीवनी शक्ति का वाचक है ) और अच्, घञ् प्रत्यय है। आयाम में आ उपसर्ग यम् धातु और घञ् प्रत्यय है। इस प्रकार प्राण का अर्थ है:-सूक्ष्म जीवनीय शक्ति और आयाम का अर्थ है:-प्रसार नियंत्रण और विस्तार अर्थात् प्राणायाम शब्द का अर्थ प्राण रूपी सूक्ष्म जीवनी शक्ति का प्रसार नियंत्रण और विस्तार करना है।

**प्राण के प्रकार**

**प्राणापानः समानश्चोदानव्यानौ तथैव च।**
**नागः कूर्मश्च कृकलो देवदत्तो धनंजयः।।**[1]

प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान। नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त तथा धनंजय-ये दश प्रकार की वायु शरीर के अन्दर रहते हैं।।

**प्राण का स्थान**

प्राण का मुख्य स्थान आत्मा है वह आत्मा के बिना शरीर में नहीं रहता है। लेकिन विभिन्न प्राण होने से स्थान आलग-आलग है जैसे-

**हृदि प्राणो वहेन्नित्यमपानो गुदमण्डले।**
**समानो नाभिदेशे तु उदानः कंठमध्यमः।।**
**व्यानो व्याप्य शरीरे तु प्रधानः पंच वायवः।**
**प्राणाद्याः पंच विख्याता नागाद्याः पंच वायवः।।**[2]

प्राण वायु हृदय में बसती है तथा अपान वायु गुदा मंडल में रहती है। समान वायु नाभि प्रदेश में रहती है और उदान वायु कण्ठ के मध्य भाग में रहती है। व्यान वायु सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहती है। ये पांच प्रकार की वायु शरीर में प्रधान होती हैं। प्राण आदि पंच वायु प्रधान (विख्यात) हैं और नाग आदि पंचवायु गौण है।।

**प्राण का कार्य**

हमारे शरीर की सभी क्रियाएं-प्रक्रियाएं, गति चेष्टा जो कुछ भी होती है व प्राण द्वारा ही संचालित होती है। यह प्राण हमारे सम्पूर्ण शरीर में विद्यमान है इसकी तुलना (Energy) विद्युत से की जाती है। यहां प्राणायाम से अभिप्राय श्वसन कार्य में प्रयुक्त प्राण का नियंत्रण करना है।

**तेषामपि च पंचानां स्थानान्यपि वदाम्यहम्।**
**उद्गारे नाग आख्यातः कूर्मस्तून्मीलने स्मृत।।**
**कृकल क्षुत्कृते ज्ञेयो देवदत्तो विजृंभणे।**
**न जहाति मृते क्वापि सर्वव्यापी धनंजयः।।**
**नागो गृह्णाति चैतन्यं कूर्मश्चैव निमेषणम्।**
**क्षुधा तृट् कृकलश्चैव चतुर्थेन तु जुम्भणम्।**
**भवेद्धनञ्जयाच्छब्दं क्षणमात्रं न निःसरेत्।।**[3]

पाँच अप्रधान वायु के स्थान इस प्रकार है-नाग नामक वायु चैतन्यता को ग्रहण करता है और डकार लेने में है। कूर्म नामक वायु पलकों में बसता है और पलकों के झपकने का कार्य करता हैं। कृकल वायु छींक आने में और भूख-प्यास आदि को ग्रहण करता है। देवदत्त वायु जम्हाई लेने में और हिचकी आदि में कार्य करता है और धनंजय नामक वायु बोलने, शब्द आदि का निर्माण करने का कार्य करता है। वह क्षण मात्र को भी शरीर से बाहर नहीं होता, शरीर के मृत हो जाने पर भी शरीर में विद्यमान रहता है।

**प्राणायाम की शास्त्रीय अवधारणा**

**वेदों में प्राणतत्त्व**

प्राण-विज्ञान और प्राणोपासना भारत की अपनी विशिष्ट बौद्धिक देन है। प्राण-विद्या अत्यन्त ही प्राचीन है। इस पर भारतीय मनीषियों, मुनियों, योगियों और सन्तों ने जितना चिन्तन-मनन, अध्ययन और अनुसन्धान किया है उतना विश्व के अन्य विद्वानों ने नहीं किया। मानव सभ्यता और सूक्ष्म चिन्तन के संदर्भ में ऋग्वेद प्राचीनतम ग्रन्थ है। यहाँ प्राण-शक्ति का उल्लेख अनेक स्थानों पर मिलता है। अथर्ववेद में तो विशेष रूप से प्राण का विशद व्याख्यान उपलब्ध होता है। यजुर्वेद में भी प्राणतत्त्व का स्थल एवं सूक्ष्म स्तर पर विवेचन और प्राण-संवर्धन के विषय में उपदेश, प्राण-शक्ति, प्राण की प्रतिष्ठा, प्राण का इंद्रियों के साथ विकास, प्राण के व्यष्टिगत एवं समष्टिगत रूप में विद्यमान का उपदेश है।

प्राण जीवन का मूल तत्त्व और जगत् का सार है। संपूर्ण वैदिक वाङ्मय में यह भिन्न-भिन्न शब्दों और विविध रूपों में विद्यमान है। इसके वश में मनुष्य की शक्तियां ही नहीं, संपूर्ण प्रकृति भी है,

ऋग्वेद में प्राण तत्त्व की उत्पत्ति का स्पष्ट उल्लेख है। हिरण्यगर्भ सूक्त में सृष्टि की उत्पत्ति तथा अनेक क्रियाओं को प्राण से ही प्रतिपादित माना गया है :-यथा

**यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।**
**य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।**[4]

यह प्राण ही सब प्राणियों में स्थित हुआ और इसके कारण ही वे प्राणी कहलाये। हिरण्यगर्भ ऐसे प्राणयुक्त और निमेषयुक्त प्राणियों का राजा हुआ और वह ही द्विपद और चतुष्पद पर शासन करता है।

अथर्ववेद में प्राण को ईश्वरीयरूप में प्रतिपादित किया है जैसे :-

**प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।**
**यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्त्सर्वं प्रतिष्ठितम्।।**[5]

हम प्राणात्मा प्रभु को प्रणाम करते हैं। उन्हीं के वश में यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड है। वे प्रभु सदा से हैं, सबके ईश्वर हैं, सबकी प्रतिष्ठा (आधार) है।



Scanned with OKEN Scanner

ISSN : 2455-717X

व्युत्पत्ति

# व्युत्पत्ति
# VYUTPATTI

(A peer reviewed Half yearly Research Journal of Humanities & Social Sciences)

सम्पादक
**प्रो. शिवशङ्कर मिश्र**

सह-सम्पादक
**विजय गुप्ता**

Year : 2021 Vol. 02 Month : December

Published by : **Matrisadanam**, M.I.G - 2, A.D.A Colony, Naini, Prayagraj (U.P.)

Scanned with OKEN Scanner

व्युत्पति

## अनुक्रम.....


| क्र. सं. | विषय | लेखक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | न्याय-वैशेषिकनये प्रमेयपदार्थनिरूपणम् | जगत् ज्योति पात्रः | 01 |
| 2. | न्याय-वैशेषिकप्रस्थाने पदार्थानां साधर्म्य.... | गीताञ्जलि देइ | 09 |
| 3. | योगवाङ्मये कुलयशस्विशास्त्रिविरचितस्य योग.... | निराली | 15 |
| 4. | प्रत्यभिज्ञादर्शनस्य वैशिष्ट्यम् | विनयकौशिकः | 21 |
| 5. | गंगाधर शास्त्री, उनकी शिष्यसम्पत् तथा कृतियाँ | प्रो. रमाकान्त पाण्डेय | 24 |
| 6. | पुराणों में योग का स्वरूप | डॉ. रमेश कुमार | 52 |
| 7. | विशिष्टाद्वैत के मत में अवयवी के स्वरूप..... | यशवन्त कुमार त्रिवेदी | 59 |
| 8. | "प्राक्कडात्समासः एवं सह सुपा" सूत्रों का.... | कुसुम लता | 70 |
| 9. | रामस्तु भगवान् स्वयम् | योगेश कुमार मिश्र | 77 |


Scanned with OKEN Scanner

ISSN : 2455-717X
व्युत्पत्ति
वर्ष : 6, अङ्क (02) दिसम्बर 2021

# पुराणों में योग का स्वरूप

डॉ. रमेश कुमार*

पुराण संस्कृत भाषा के महत्व पूर्ण ग्रन्थ है, पुराणों का भारतीय जीवन - धारा में महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुराण भक्ति - ग्रन्थों के रूप में माने जाते हैं । अठारह पुराणों में अलग - अलग देवी - देवताओं को केन्द्र मानकर पाप और पुण्य , धर्म और अधर्म , कर्म और अकर्म की चर्चाएँ की गयी हैं । कुछ पुराणों में सृष्टि के आरम्भ से प्रलय तक का विवरण दिया गया है ।

पुराण का शाब्दिक अर्थ है प्राचीन या पुराना , पुराणों की रचना मुख्यतः संस्कृत में हुई है, लेकिन कुछ पुराण क्षेत्रीय भाषाओं में भी रचे गए हैं । हिन्दू और जैन दोनों ही धर्मों के वाङ्मय में पुराण मिलते हैं।

## पुराणों के विषय -

पुराणों में अनेक विषयों की चर्चा की गयी है । जिसमे योगविद्या, ब्रह्माण्डविद्या, देवी - देवताओं, ऋषि - मुनियों की वंशावली, लोककथाएँ, तीर्थयात्रा, मन्दिर , चिकित्सा, खगोल शास्त्र, व्याकरण, खनिज विज्ञान, धर्मशास्त्र और दर्शन का भी वर्णन मुख्य रूप से है । इस के साथ - साथ पुराणों में अनेक कथाओ के माध्यम से ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाया गया है इन कथाओं में यौगिक क्रियाओं का वर्णन विस्तृत रूप से प्राप्त होता है।

## पुराणों का रचना काल

पुराणों का उद्भव प्राचीन काल से ही माना जाता है। पुराणों का उद्भव कब हुआ इसका कोई निश्चत समय सीमा नही है, पुराणों की रचना एक समय की नहीं

*असिस्टेंट प्रोफेसर, योग विज्ञान विभाग,
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली -16

Scanned with OKEN Scanner

Website : aisanskritsahityasammelan.com
E-mail : sanskritratnakar01@gmail.com
ISSN 2395-3055
सितम्बर, 2022 ₹ 25

विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

# संस्कृत-रत्नाकरः
# Sanskrit Ratnakar

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)



अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि0)
संस्कृत भवन, ए-10, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली - 110067

Scanned with OKEN Scanner

वर्ष : 9 अंक : 4 ( 100 )

● विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षित संस्कृत की एक श्रेष्ठ मासिक शोधपत्रिका

# संस्कृत-रत्नाकरः

**Sanskrit Ratnakar**

(A peer reviewed monthly Sanskrit Research Journal)

स्वामित्व : अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन (रजि.)

अध्यक्ष : प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय
अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन

प्रधान सम्पादक (पदेन) : रमाकान्त गोस्वामी

सम्पादक : प्रो. शिवशङ्कर मिश्र

शोधपत्रपरीक्षक मण्डल : प्रो. केदार प्रसाद परोहा (नई दिल्ली)
